Roll No. (अनुक्रमांक) : ......................................                    Code (कूट सं.) : 820-21SS–A

# CLASS (कक्षा)–VIII
# SOCIAL SCIENCE (सामाजिक विज्ञान)
## (ANNUAL EXAM) वार्षिक परीक्षा
## (FEB.-MAR. 2021)

Please check that this question paper contains 36 questions and 16 printed pages.
कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 36 प्रश्न हैं तथा 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Time Allowed : 3 Hrs.**                    **Maximum Marks : 80**

**निर्धारित समय : 3 घंटे**                    **अधिकतम अंक : 80**

**General Instructions :**

1. There are 36 questions in all. All questions are compulsory.
2. Marks are indicated against each question.
3. Write the question numbers as given in the question paper while answering a question in your answer book.
4. Questions 1–20 contains very short answer type questions of 1 mark each.
5. Questions from 21–28 are 3 marks questions, answer of these questions should not exceed 80 words each.
6. Question 29 to 34 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words.
7. Question 35 and 36 are map questions of 4 marks from Geography and 2 marks from History. After completion, attach the maps inside your answer book.

**सामान्य निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में कुल 36 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
3. अपनी उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखते समय प्रश्न पत्र में दिया गया प्रश्नांक ही लिखें।
4. प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
5. प्रश्न संख्या 21 से 28 तक प्रत्येके प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 29 से 34 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दोंा से अधिक का नहीं होना चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 35 और 36 क्रमश: भूगोल और इतिहास के मानचित्र वाले प्रश्न हैं। भूगोल से 4 अंक का प्रश्न तथा इतिहास से 2 अंक के प्रश्न दिए गए हैं। इन्हें पूरा करने के के बाद मानचित्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका के अंदर बांध दीजिए।

1. Which one of the following steps is against the sustainable development ? 1

(a) Minimise the depletion of natural resources

(b) Use all non-renewable resources judiciously

(c) Effective resource planning

(d) Unlimited use of resources

निम्नलिखित में से कौन सा उपाय सतत विकास के विरुद्ध है?

(a) प्राकृतिक संसाधनों की कमी को दूर करना

(b) सभी गैर नवीकरणीय संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना

(c) प्रभावी संसाधन नियोजन करना

(d) संसाधनों का असीमित उपयोग करना

2. Which one of the following options is a characteristic of the leaves of trees found in the Mediterranean forests ? 1

(a) Broad leaves (b) Small leaves

(c) Waxy and small leaves (d) Needle-shaped leaves

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प, भूमध्यसागरीय वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के पत्तों की विशेषता है?

(a) चौड़े पत्ते (b) छोटे पत्ते

(c) मोमी और छोटे पत्ते (d) सुई के आकार के पत्ते

3. In which type of agriculture do farmers obtain high output per unit of land ? 1

(a) Extensive agriculture (b) Plantation agriculture

(c) Intensive agriculture (d) Shifting agriculture

निम्न में से किस प्रकार की कृषि से किसान भूमि की प्रति इकाई से अधिकतम पैदावार प्राप्त करते हैं?

(a) विस्तृत कृषि (b) रोपण कृषि

(c) गहन कृषि (d) स्थानान्तरी कृषि

**OR ( अथवा )**

Which type of agriculture is adopted by farmer and his family to grow crops for self-sustenance ?

(a) Subsistence agriculture (b) Commercial agriculture

(c) Plantation agriculture (d) Shifting agriculture

निम्न में से किस प्रकार की कृषि को किसान और उसका परिवार अपनी आजीविका के लिए अपनाता है?

(a) निर्वाह कृषि (b) व्यावसायिक कृषि

(c) वृक्षारोपण कृषि (d) स्थानांतरित कृषि

4. In the question given below there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option : 1

**Assertion (A) :** Seasonal unemployment exists in many parts of rural India.

**Reason (R) :** During the periods of sowing and harvesting, there could be surplus labour.

**Options :**

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(c) A is correct but R is wrong.

(d) A is wrong but R is correct.

नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन हैं जिनमें से एक को दावा (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को ध्यान से पढ़िए और उत्तर के रूप में ठीक विकल्प को चुनिए।

**दावा (A) :** ग्रामीण भारत के कई हिस्सों में मौसमी बेरोजगारी मौजूद है।

**कारण (R) :** बुवाई और कटाई की अवधि के दौरान, वहाँ अधिशेष श्रम हो सकता है।

**विकल्प :**

(a) कथन A और R दोनों सत्य हैं तथा R का कथन A की सही व्याख्या है।

(b) कथन A और R दोनों सत्य हैं पर R का कथन A की व्याख्या नहीं है।

(c) कथन A सही है पर कथन R गलत है।


(d) कथन A गलत है परन्तु R सही है।

5. Name the author of the book 'My Experiments with Truth'. 1

पुस्तक 'माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ' के लेखक का नाम लिखिए।

6. Study the picture given below and answer the questions that follow : ½+½=1

नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–



(a) Write the popular name of this building.

(b) In which city is it located ?

(a) इस इमारत का लोकप्रिय नाम लिखिए।

(b) यह कौन से शहर में स्थित है?

**Alternative question for visually challenged candidates in lieu of Q. No. 6**

(a) Name the biggest museum related to Mahatma Gandhi.

**प्र.सं. 6 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न**

(a) महात्मा गाँधी से जुड़े सबसे बड़े संग्रहालय का नाम लिखिए।

7. Correct and rewrite the following statement : 1

The slogan 'You give me blood, I'll give you life' was given by Netaji Subhash Chander Bose.

निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुनः लिखिए–

'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें जीवन दूँगा' का नारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था।

8. The Revolt of 1857 is also called "The First War of Independence" because– 1

(a) It was started by Sepoys

(b) It was the first time different sections of Indian society united against foreign rule

(c) It was the first time Indians were fighting against the British rule

(d) Bahadur Shah was proclaimed Shahenshah-e-Hindustan

1857 के विद्रोह को ''स्वतंत्रता का पहला संग्राम'' भी कहा जाता है क्योंकि–

(a) इसकी शुरूआत सिपाहियों ने की थी।

(b) यह पहली बार था जब भारतीय समाज के विभिन्न वर्ग विदेशी शासन के खिलाफ एकजुट हुए।

(c) यह पहली बार था जब भारतीय ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ रहे थे।

(d) बहादुर शाह को शहंशाह-ए-हिंदुस्तान घोषित किया गया था।

9. Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct answer from the options given below : 1

(a) Jallianwala Bagh Massacre (b) Chauri Chaura Incident

(c) Home Rule League (d) Non-Cooperation Movement

**Options :**

(i) a, d, c, b (ii) c, a, d, b

(iii) b, d, a, c (iv) d, a, b, c

निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को काल क्रमानुसार व्यवस्थित करके नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–

(a) जलियांवाला बाग नरसंहार (b) चौरी चौरा हादसा

(c) होम रूल लीग (d) असहयोग आंदोलन

**विकल्प**

(i) a, d, c, b (ii) c, a, d, b

(iii) b, d, a, c (iv) d, a, b, c

10. Fill in the blank : 1

In the words of our late president ________________ 'The day is not far when enlightened and ignited minds will transform India into a competitive beautiful nation.'

रिक्त स्थान भरिये–

हमारे स्वर्गीय राष्ट्रपति ________________ के शब्दों में 'वह दिन दूर नहीं जब जागृत और प्रज्ज्वलित मन भारत को एक प्रतिस्पर्धी सुंदर राष्ट्र में बदल देंगे।

11. Correct and rewrite the following statement : 1

Chakravati Rajgopalachari was the first deputy Prime Minister of India.

निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुनः लिखिए–

चक्रवती राजगोपालाचारी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री थे।

12. Name the institution that is responsible for holding free and fair elections in India. 1

भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले संस्थान का नाम लिखिए।

13. Read the following extract and answer the questions given below : 1

The Congress under Jawaharlal Nehru controlled the reins of the government after independence till 1964. But the year of 1967 proved to be a turning point when some state parties (regional parties) came into prominence. This was a period of actual democratisation of Indian politics.

Explain any one reason for treating the year 1967 as turning point in the Indian politics.

निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर दीजिए–

जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने 1964 तक आजादी के बाद सरकार की बागडोर संभाली थी। लेकिन 1967 का वर्ष एक महत्त्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ जब कुछ राज्य दलों (क्षेत्रीय दलों) को प्रमुखता प्राप्त हुई।

वर्ष 1967 को भारतीय राजनीति में एक नया मोड़ देने वाला वर्ष क्यों माना जाता है? कोई एक कारण स्पष्ट कीजिए।

14. Match the features of our constitution given in Column 'A' with their meaning given in Column 'B'. Choose the correct answer from the options given below : 1

| Column A | Column B |
|---|---|
| (a) Socialist State | (i) Right to freedom of religion |
| (b) Parliamentary government | (ii) Procedure of amendment |
| (c) Secular State | (iii) Establish economic justice |
| (d) Rigid and Flexible | (iv) President nominal head |

**Options :**

(I) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (II) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(III) a-iv, b-iii, c-i, d-ii (IV) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

नीचे कॉलम 'A' में दी गई हमारे संविधान की विशेषताओं का कॉलम 'B' में दिए गए उनके अर्थ के साथ सही मिलान कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (a) समाजवादी राज्य | (i) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार |
| (b) संसदीय सरकार | (ii) संशोधन की प्रक्रिया |
| (c) धर्मनिरपेक्ष राज्य | (iii) आर्थिक न्याय स्थापित करना |
| (d) कठोर और लचीला | (iv) राष्ट्रपति सांकेतिक प्रमुख |

**विकल्प**

(I) a-i, b-ii, c-iv, d-iii (II) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

(III) a-iv, b-iii, c-i, d-ii (IV) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

**OR ( अथवा )**

Match the aspects of our Constituent Assembly given in Column 'A' correctly with the information given in Column 'B'. Choose the correct answer from the options given below :

| Column A | Column B |
|---|---|
| (a) All the members of the Constituent Assembly | (i) Sarojini Naidu |
| (b) President of the Constituent Assembly | (ii) B.R. Ambedkar |
| (c) Chairman of the Drafting Committee | (iii) Indirectly elected |
| (d) Member of the Constituent Assembly | (iv) Dr. Rajendra Prasad |

**Options :**

(I) a-i, b-ii, c-iv, d-iii    (II) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(III) a-iii, b-iv, c-ii, d-i    (IV) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

नीचे कॉलम 'A' में दिए गए हमारे संविधान सभा के पहलुओं की कॉलम 'B' में लिखी गई जानकारी के साथ सही मिलान कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का विकल्प चुनिए–

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| (a) संविधान सभा के सभी सदस्य | (i) सरोजिनी नायडू |
| (b) संविधान सभा के अध्यक्ष | (ii) बी.आर. अंबेडकर |
| (c) प्रारूप समिति के अध्यक्ष | (iii) अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए |
| (d) सदस्य संविधान सभा | (iv) डॉ. राजेंद्र प्रसाद |

**विकल्प :**

(I) a-i, b-ii, c-iv, d-iii    (II) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(III) a-iii, b-iv, c-ii, d-i    (IV) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

15. From the following statements, choose the statement which is correct in relation to the 'Right to Freedom of Religion'. 1

(a) The followers of majority religion enjoy special status

(b) Citizens are not allowed to change their religion

(c) State has no religion of its own

(d) Educational institutions are free to impart religious instructions

निम्नलिखित कथनों में से ''धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार'' से संबंधित सही कथन चुनिए–

(a) बहुसंख्यक धर्म के मानने वालों को विशेष दर्जा प्राप्त है।

(b) नागरिकों को धर्म परिवर्तन का अधिकार नहीं है।

(c) राज्य का कोई अपना धर्म नहीं होता।

(d) शिक्षण संस्थाएँ धार्मिक शिक्षा देने के लिए स्वतंत्र हैं।

16. Complete the sentence : 1

In Indian Parliament the 'House of People' is known as ______________.

निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए–

भारतीय संसद में 'हाऊस ऑफ पीपुल' को ______________ कहा जाता है।

**OR ( अथवा )**

The speaker of Lok Sabha is elected by ______________.

लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव ______________ करते हैं।

17. State any two subjects included in the Union List. ½+½=1

संघीय सूची में सम्मिलित किन्हीं दो विषयों के नाम लिखिए।

18. In case the office of the President of India falls vacant, who takes over the responsibility to officiate as President ? 1

(a) Chief of Army staff of India

(b) Vice President of India

(c) Chief Justice of Supreme Court of India

(d) Prime Minister of India

यदि भारत के राष्ट्रपति का पद रिक्त हो जाए, तो राष्ट्रपति के कार्यभार का उत्तरदायित्व कौन संभालता है?

(a) भारत का थल सेनाध्यक्ष

(b) भारत का उप-राष्ट्रपति

(c) भारत के सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(d) भारत का प्रधानमंत्री

19. Who amongst the following presides over a Lok Adalat ? 1

(a) The Session judge (b) The District judge

(c) The Metropolitan Magistrate (d) A retired judge

लोक अदालत का संचालन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है?

(a) सत्र न्यायाधीश (b) जिला न्यायाधीश

(c) महानगर मजिस्ट्रेट (d) सेवानिवृत्त न्यायाधीश

20. Correct and rewrite the following statement : 1

The lowest court in the Indian judicial hierarchical order is the Court of Subordinate Civil judge.

निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुनः लिखिए–

भारत की न्यायिक श्रेणीबद्ध व्यवस्था में सबसे निचली अदालत अधीनस्थ सिविल जज की अदालत है।

21. Why is it essential to use resources more effeciently and reduce their wastage? Explain any three reasons. 3×1=3

संसाधनों का अधिकतम प्रभावी ढंग से उपयोग तथा उनका दुरुपयोग कम करना क्यों नितांत आवश्यक है? कोई तीन कारण देकर स्पष्ट कीजिए।

22. Write any three examples each of 'Biotic Resources' and Abiotic Resources'.

जैविक संसाधनों और अजैविक संसाधनों के तीन-तीन उदाहरण दीजिए। 6×½=3

23. "Saving an animal will not change the world but it will change the world for that one animal." In the light of the above statement write any three measures required to conserve wildlife. 3×1=3

''एक जानवर को बचाने से दुनिया नहीं बदलेगी लेकिन इससे उस एक जानवर के लिए दुनिया बदल जाएगी।'' उपयुक्त कथन के संदर्भ में, वन्यजीवों के संरक्षण के लिए आवश्यक कोई तीन उपाय लिखिए।

**OR ( अथवा )**

"Forests play an important role in maintaining biological diversity for the sustenance of life." In the light of this statement, explain the importance of forest cover for the survival of life on earth. 3×1=3

''जीवन के निर्वाह के लिए जैविक विविधता को बनाए रखने में 'वन' महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' उपर्युक्त कथन के सन्दर्भ में पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए वन आवरण के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

24. Name any three sources of information that help in reconstructing the history of Modern India. 3×1=3

आधुनिक भारत के इतिहास के पुन: निर्माण में सहायक सूचना के किन्हीं तीन स्त्रोतों के नाम लिखिए।

**OR ( अथवा )**

Name any three books written during the freedom movement of India, which are also the source of information of the modern India.

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लिखी गई किन्हीं तीन पुस्तकों के नाम लिखिए जो आधुनिक भारत की सूचना की स्त्रोत भी हैं।

25. Highlight any three major achievements of India in the economic field since independence. 3×1=3

आजादी के बाद भारत द्वारा आर्थिक क्षेत्र में प्राप्त किन्हीं तीन उपलब्धियों को उजागर कीजिए।

26. Describe the 'Right to Constitutional Remedies'. Name any three writs that are issued under this right. 1½+1½=3

'संवैधानिक उपचार के अधिकार' का वर्णन कीजिए। इस अधिकार के अंतर्गत जारी हो सकने वाली किन्हीं तीन रिट्स (प्रादेश) के नाम लिखिए।

27. State any three differences between the Lok Sabha and the Rajya Sabha.

लोकसभा और राज्य सभा के बीच कोई तीन अन्तर लिखिए। 1+1+1=3

28. Highlight the role of Supreme Court as the 'protector of Fundamental Rights' and the 'Guardian of our Constitution'. 1½+1½=3

सर्वोच्च न्यायालय की, 'मौलिक अधिकारों की रक्षक' तथा 'संविधान की संरक्षक' के रूप में भूमिका को उजागर कीजिए।

**OR ( अथवा )**

Highlight the significance of Lok Adalat in imparting justice to the common man in India. 3×1=3

भारत में आम आदमी को न्याय दिलवाने में लोक अदालत के महत्त्व को उजागर कीजिए।

29. Mention any two natural and human factors each that cause soil erosion. Suggest any three methods for soil conservation. 2+3=5

मृदा के निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो प्राकृतिक और मानवीय कारकों का उल्लेख कीजिए। मृदा संरक्षण के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए।

**OR ( अथवा )**

How is soil formed ? Write any four points of its importance as resource. 1+4=5

मृदा की रचना किस प्रकार होती है? एक संसाधन के रूप में इसके महत्त्व को दर्शाने वाले चार बिन्दु लिखिए।

30. Explain the importance of agriculture in Indian economy. 5×1=5

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

31. "The uprising of the First War of Independence had been planned for many months, yet it failed." Support the statement with relevant arguments. 5×1=5

''प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की योजना लम्बे समय से बनाए जाने के बाद भी विफल रही।'' इस कथन के पक्ष में उपयुक्त तर्क लिखिए।

**OR ( अथवा )**

'The revolt of 1857 proved to be an eye opener for the Britishers that compelled them to take corrective measures to re-establish their authority over India.' Support the statement with relevant arguments. 5×1=5

'1857 का विद्रोह अंग्रेजों के लिए आँख खोलने वाला सिद्ध हुआ जिसने उन्हें पुन: अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए सुधार के कुछ कदम उठाने पर बाध्य किया।' इस कथन के पक्ष में उपयुक्त तर्क लिखिए।

32. Describe any two mass movements that contributed to intensify the struggle for freedom in India. 2½+2½=5

भारत के स्वतंत्रता संग्राम को गति प्रदान करने वाले किन्हीं दो जन-आंदोलनों का वर्णन कीजिए।

33. "India has a federal system with a difference." Do you agree with this statement? Justify your answer with suitable arguments. 5×1=5

''भारत में एक अलग प्रकार की संघीय प्रणाली है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर की पुष्टि उपयुक्त तर्कों द्वारा कीजिए।

34. Describe any five Legislative powers of the President of India. 5×1=5

भारत के राष्ट्रपति की किन्हीं पाँच विधायी शक्तियों का वर्णन कीजिए।

**OR ( अथवा )**

Describe any five important powers of the Prime Minister of India. 5×1=5

भारत के प्रधानमंत्री की किन्हीं पाँच महत्त्वपूर्ण शक्तियों का वर्णन कीजिए।

35. (a) Two features A and B are marked on the given outline political map of the world. Identify these features with the help of information given below and write their correct names on the lines drawn on the map. 4×1=4

(A) A region of high rainfall (B) A type of forests

(b) On the same political outline map of the world locate and label the following:

(C) A region of low rainfall in Africa

(D) Temperate Softwood Forest in Northern Canada

(a) संसार के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो लक्षण (A), (B) दर्शाए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए।

(A) अधिक वर्षा वाला क्षेत्र (B) वनों का एक प्रकार

(b) संसार के उसी राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनका नाम लिखिए।

(C) अफ्रीका का एक कम वर्षा वाला क्षेत्र

(D) उत्तरी कनाडा में शीतोष्ण शीतल वन

**Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 35**

35.1 Name one region of low rainfall in Australia.

35.2 Name any one Asian country where Tropical Deciduous forests are found.

35.3 Name a desert region in the southern part of Africa that receives low rainfall.

35.4 Name any two trees commonly found in Tropical Evergreen forests.

**प्र.सं. 35 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न**

35.1 ऑस्ट्रेलिया में कम वर्षा वाले क्षेत्र का नाम लिखिए।

35.2 किसी एक एशियाई देश का नाम लिखिए जहाँ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन पाए जाते हैं।

35.3 अफ्रीका दक्षिणी भाग में एक रेगिस्तानी क्षेत्र का नाम लिखिए जहाँ पर कम वर्षा होती है।

35.4 सामान्यत: उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले किन्हीं दो पेड़ों के नाम लिखिए।

36. On the given outline political map of India locate and label the following places : 2×1=2

(a) Kanpur – The place where Nana Saheb led the revolt of 1857.

(b) Amritsar – The place associated with Jallianwala Bagh Massacre.

दिए गए भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उसका नाम भी लिखिए–

(a) कानपुर – जिस स्थान से नाना साहेब ने विद्रोह का नेतृत्व किया।

(b) अमृतसर – जलियाँवाला बाग नरसंहार के साथ संबंधित स्थान।

**Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 36**

36.1 Name the place from where Rani Lakshmi Bai led the revolt.

36.2 Name the place where the Indian National Congress was formed.

**प्र.सं. 36 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न**

36.1 उस स्थान का नाम बताइए जहाँ से रानी लक्ष्मीबाई ने विद्रोह का नेतृत्व किया था।


36.2 उस जगह का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी।

Name ______________________________ Class __________ Roll No. _______

नाम ............................................... कक्षा .................... अनुक्रमांक ......................

Q. 35 Map


प्रश्न संख्या 35 मानचित्र



**Name** ______________________________ **Class** __________ **Roll No.** _______

नाम ................................................... कक्षा ..................... अनुक्रमांक .....................

**Q. 36 Map** प्रश्न संख्या 36 मानचित्र




❑❑❑